तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 जगमगा उठीं एनएच- 30 की स्ट्रीट लाइटें, ...


12 आदिकर्मयोगी अभियान के तहत 352 जनजातीय...


## खबर संक्षेप

### पीड़ित परिवारों को दी गई 8 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। जिसके तहत तहसील दरभा ग्राम तिरथगढ़ निवासी आसमती की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्र सुखराम को और तहसील बास्तानार ग्राम बुरगुम निवासी धनी मंडावी की मृत्यु पानी में डूबने से पिता भंडारी मंडावी को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के लिए पंजीयन 17 तक

**जगदलपुर।** भारतीय सैन्य अग्निवीर भर्ती अधिसूचना जारी की गई थी। जिसका कम्प्यूटर परीक्षा का आयोजन सेना भर्ती कार्यालय द्वारा की गई है। कम्प्यूटर परीक्षा में बस्तर जिले के उत्तीर्ण अभ्यर्थी जो शारीरिक प्रशिक्षण के इच्छुक हो, वे अपनी उत्तीर्ण संबंधी दस्तावेज के साथ स्वयं कार्यालयीन समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र आड़ावाल जगदलपुर में 17 अक्टूबर तक उपस्थित होकर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। इन पंजीकृत अभ्यर्थियों को भर्ती पूर्व कौशल शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### पीएम अप्रेंटिसशिप मेला लगाया जाएगा 13 को

**जगदलपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 13 अक्टूबर को किया जाएगा। मेले में आईटीआई के समस्त व्यवसायों के शेष पेज 12 पर

# स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना समय की मांग : रमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- स्वदेशी मेला में कहा- प्रधानमंत्री का वोकल फॉर लोकल अभियान के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे
- 20 राज्यों से आए 300 स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने




विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भारत के गौरव को पुनः स्थापित करने के लिए स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि कभी भारत की जीडीपी विश्व की 23 प्रतिशत हुआ करती थी, क्योंकि लोग स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग करते थे। लेकिन विदेशी वस्तुओं के अंधाधुंध प्रयोग से यह घटकर 2 प्रतिशत से भी कम तक सिमट गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे वोकल फॉर लोकल अभियान के सकारात्मक परिणाम शीघ्र ही देखने को मिलेंगे और भारत की अर्थव्यवस्था और भी मजबूती की ओर बढ़ेगी।

डॉ. सिंह ने स्वदेशी मेला प्रांगण का अवलोकन करते हुए डिजिटल भुगतान के माध्यम से एक सुंदर कालीन खरीदी और स्वदेशी उत्पादों की गुणवत्ता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह मेला केवल व्यापार नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के विचार को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। मेला संयोजक किशोर पारख ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि स्वदेशी मेला का आयोजन नगर के लिए गौरव की बात है। इस मेले में देश के 20 से अधिक राज्यों के 300 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं जिनमें हैंडलूम, हस्तशिल्प, जैविक उत्पाद, आयुर्वेदिक दवाएं, पारंपरिक परिधान और जनजातीय उत्पाद प्रमुख आकर्षण बने हुए हैं। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरलीधर राव एवं डॉ. रमन सिंह के आगमन को प्रेरणास्पद बताया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुति से गूंजा मेला परिसर

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को डॉ. रमन सिंह ने मंच पर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। मेला सह संयोजक देवेंद्र देवांगन ने धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि स्वदेशी मेला का उद्देश्य न केवल उत्पादों का प्रचार है बल्कि यह एक सांस्कृतिक उत्सव है जो देश की मिट्टी से जुड़ाव को मजबूत करता है। संचालन ब्रिज धुर्वे और हितप्रीता ठाकुर ने किया। इसके पश्चात मंच पर स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य और गीतों ने परिसर को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, महापौर संजय पाण्डे, पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुधा मिश्रा, सभापति खेमसिंह देवांगन, पार्षदगण, मेला आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# 18 साल पहले ईसाई बने लोग लौटे मूल धर्म में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- चितापदर में रीति रिवाज से हुई घर वापसी

ग्राम चितापदर विकासखंड जगदलपुर की सुबाय बघेल 45 वर्ष और वीरेंद्र बघेल 20 वर्ष जिन्होंने 18 साल पहले ईसाई धर्म अपनाया था। वे अपने मूल हिन्दू धर्म में घर वापसी किए। आकाश कश्यप ने कहा कि समाज के लोगों ने आज अपने रीति रिवाज रूढ़िवादी परंपरा को छोड़ अन्य धर्म को अपनाए हुए है। जिससे संस्कृति आज खतरे में है। समाज के लोगों से अपील करता हूं कि हमारे पूर्वज द्वारा सिखाया गया रीति रिवाज, संस्कृति, रूढ़िवादी देवी देवता को अपनाए और अपने मूल धर्म में घर वापसी करें। जिससे हमारे समाज की संस्कृति बनी रहेगी ओर आने वाली पीढ़ी के लिए उचित होगा। कचरा पाठी परगना द्वारा रीति रिवाज से घर वापसी किया गया। इस दौरान अध्यक्ष धनुजय बघेल, संरक्षक प्रेम चालकी, संपत नाइक, धबलु नाइक मदन, नाइक सुरेंद्र, परगना सियान लक्ष्मण शेष पेज 12 पर

## 8 करोड़ की सड़क में बन रहे गड्ढे दे रहे अनियमितता का प्रमाण : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लगाया गड़बड़ी का आरोप




राजीव भवन में बस्तर जिला कांग्रेस शहर की प्रेसवार्ता में अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और भ्रष्टाचार अब एक दूसरे के पर्याय बन चुके है । वैकल्पिक बायपास करकापाल से हाटकचोरा तक बनी सड़क में 8 करोड़ 66 लाख 44 हजार के काम में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है।

महज चार महीने पूर्व बनी इस सड़क पर अब गड्ढे बनना प्रारंभ हो चुका है। इस सड़क की स्वीकृति कांग्रेस सरकार में दी गई थी। भाजपा सरकार शेष पेज 12 पर

## मछली पालन में समितियों व ग्रामीणों को हो रहा नुकसान : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- ज्ञापन सौंपकर योजनाओं का लाभ देने की गई मांग



बस्तर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं क्षेत्रों में मत्स्य पालन से जुड़े ग्रामीणों और मत्स्य सहकारी समितियों को योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। अनेक मत्स्य पालकों ने विभागीय योजनाओं, अनुदानों एवं ऋण सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने में आ रही कठिनाइयों की शिकायत की है। युवा कांग्रेस नेता हेमंत कश्यप ने जारी बयान में बताया कि मत्स्य पालन हेतु आवश्यक संसाधन शेष पेज 12 पर

## कुदालगांव के खेत में मिली अज्ञात युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस व फारेसिंक टीम
- लगभग 5 दिन पुराना शव पुलिस कर रही जांच



कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम कुदालगांव झूलनाबोड बोरपदर चौक से लगभग 6 सौ मीटर दूर खेत में अज्ञात युवक का नग्न शव औंधें मुंह पड़ा मिला। शव मिलने की खबर मिलते ही कुदालगांव व आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं शव देखने लोगों के पहुंचने का सिलसिला शाम तक जारी रहा। युवक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। पास ही बेर के पेड़ में एक पैंट टंगा हुआ मिला है इसके अलावा अज्ञात शव के आस पास कुछ और नहीं मिला है जिससे उसकी शिनाख्त नहीं हो सके। जानकारी के मुताबिक कुदालगांव निवासी किसान नवलु ठाकुर गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे अपने खेत से खरपतवार साफ करने व घांस लेने गए हुए थे। इसी दौरान उनके खेत में एक युवक का नग्न शव पेट के बल पड़े मिला। इसकी जानाकारी उन्होंने तत्काल पंचायत के सरपंच लक्ष्मी गोयल पति धरमसिंह तथा गांव के कोटवार दिनबधुं को दी। वहीं शव मिलने की सूचना पर मौके पर मौजूद क्षेत्र के जागरूक युवक तुलसीराम शेष पेज 12 पर



# जगमगा उठीं एनएच- 30 की स्ट्रीट लाइटें, आवागमन में लोगों को होगी सुविधा

## कई माह से बंद थी लाइट, राहगीर हो रहे थे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

खबर का असर

आम जनता की समस्याओं को लगातार प्रमुखता से प्रकाशित कर शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण करवाने की हरिभूमि की मुहिम एक बार फिर सफल साबित हुई है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 फरसगांव नगर में लगी स्ट्रीट लाइटें पिछले कई महीनों से बंद पड़ी थी। विभागीय अधिकारियों की अनदेखी ल चलते लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस खबर को 8 अक्टूबर को हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित करने के परिणामस्वरूप 24 घंटे के भीतर ही सम्बंधित विभाग द्वारा स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करवा दी गई है। इसके बाद से फरसगांव नगर पहले की तरह स्ट्रीट लाइट की रोशनी से जगमगा उठा है।



### कलेक्टर ने लिया संज्ञान

खबर प्रकाशित होने के बाद कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने संज्ञान के लेते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को जल्द से जल्द बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। परिणामस्वरूप बुधवार सुबह से ही बन्द लड़े स्ट्रीट लाइट का सुधार कार्य शुरू कर दिया गया। गुरुवार की शाम से एक बार फिर पहले नगर की सड़के जगमगा उठी है। इस समस्या का जल्द से जल्द निदान होने पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### क्या था मामला

*नगर में एनएच-30 पर लगी स्ट्रीट लाइट जो कि पिछले कई महीनों से बंद पड़ी थी। ऐसे में शाम ढलते ही नगर में चारों ओर अंधेरा छा जाता था। जिससे राहगीरों व नगरवासियों को आवागमन में काफी परेशानियां होती थी। वहीं सड़क दुर्घटना होने की संभावनाए बनी रहती थी। हरिभूमि ने इस जनसमस्या को लेकर 8 अक्टूबर को प्रमुखता से समाचार प्रकाशित कर शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण करवाया था।*

## खबर संक्षेप

### कुम्हारपारा आंबा केंद्र का निरीक्षण, नए भवन के लिए भेजा गया प्रस्ताव



**कोण्डागांव।** ग्राम पंचायत गारावंडी के कुम्हारपारा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण एसडीएम केशकाल सुश्री आकांक्षा नायक द्वारा किया गया। यह कार्रवाई तब की गई जब आंगनबाड़ी के एक बच्चे का खेल–खेल में सीखते हुए वीडियो और केंद्र के जर्जर भवन की जानकारी कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना को प्राप्त हुई थी। निरीक्षण के दौरान भवन की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई, जिसके बाद एसडीएम सुश्री नायक ने नए भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव को निर्माण शाखा जिला कार्यालय भेजा है। साथ ही पुराने भवन के डिस्मेंटल के लिए आरईएस विभाग से त्वरित प्रतिवेदन मंगाया गया है। निरीक्षण के दौरान केंद्र में 3 कुपोषित बच्चे पाए गए। एसडीएम ने पालकों को बच्चों को एनआरसी भेजने के लिए समझाइश दी और स्वास्थ्य विभाग को इस दिशा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने केंद्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बच्चों को खेल–खेल में शिक्षा देने की पद्धति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए इस प्रकार की नवाचारपूर्ण और समर्पित कार्यशैली अन्य केंद्रों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। यह पहल न केवल बाल शिक्षा और पोषण सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रें में सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता और गुणवत्ता को सुनिश्चित करने का भी प्रतीक है।

## योजना: ग्रामसभा में हुआ विजन प्लान 2030 का प्रस्तुतिकरण एवं अनुमोदन

# आदिकर्मयोगी अभियान के तहत 352 जनजातीय गांवों का विजन प्लान तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रें के समग्र और सतत विकास के उद्देश्य से केंद्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित आदिकर्मयोगी अभियान के अंतर्गत कोंडागांव जिले के 352 जनजातीय गांवों का ग्राम विजन प्लान 2030 तैयार किया गया है। यह योजना जनजातीय समुदायों के जीवन स्तर सुधार, आत्मनिर्भरता बढ़ाने और ग्राम्य अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

अभियान के तहत चयनित ग्राम पंचायतों में आयोजित आदि सेवा पर्व शिविरों के माध्यम से इन विजन योजनाओं का प्रस्तुतिकरण और अनुमोदन 2 अक्टूबर को हुई ग्राम सभाओं में किया गया। इन ग्राम सभाओं में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही, जहां उन्होंने अपने गाँव के विकास की प्राथमिकताएं, आवश्यकताएं और सुझाव साझा किए। आदि सेवा केंद्रों के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों से शासन की विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किए गए। इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, आवास, आधारभूत ढांचा, वनाधिकार, उद्यमिता और सामाजिक सुरक्षा योजनाएं शामिल रहीं। पात्रता के अनुसार कई आवेदनों का स्थल पर ही निराकरण किया गया, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं का तत्काल लाभ मिला।

**ग्रामीण संसाधनों का किया गया आंकलन** – अभियान के दौरान अधिकारियों ने ट्रांजेक्ट वॉक के माध्यम से गांवों की अधोसंरचना और संसाधनों की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केंद्रों और आजीविका साधनों की स्थिति का जायजा लिया गया। ग्रामीणों ने भी सक्रिय भागीदारी करते हुए अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए।

**ग्राम विजन प्लान 2030 में प्रमुख प्राथमिकताएं** – सभी सुझावों को संकलित कर जो विजन प्लान 2030 तैयार किया गया है, उसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, आधारभूत संरचना, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण और परंपरागत संस्कृति के संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। इसका उद्देश्य गांवों को आत्मनिर्भर, समृद्ध और सतत विकास के मार्ग पर अग्रसर करना है।

**जनभागीदारी आधारित शासन को मिली मजबूती** – आदिकर्मयोगी अभियान ने विकास की रूपरेखा तैयार करने के साथ–साथ जनभागीदारी आधारित शासन व्यवस्था को सशक्त किया है। ग्रामीणों की भागीदारी और सुझावों से बने ये विजन प्लान आने वाले वर्षों में कोंडागांव जिले के जनजातीय अंचलों के सवांगीण विकास की दिशा तय करेंगे।

### आदिकर्मयोगी शिविर में मेघनाथ को मिली राहत



**कोण्डागांव।** जनजातीय क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से चल रहे आदिकर्मयोगी अभियान के तहत आयोजित आदि सेवा पर्व शिविर ने ग्रामीणों के लिए राहत के द्वार खोले हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा में आयोजित शिविर के दौरान एक वृद्ध हितग्राही मेघनाथ बघेल को उनकी लंबित पेंशन राशि का लाभ मिला। शिविर के दौरान मेघनाथ बघेल ने कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए बताया कि उन्हें कई माह से पेंशन की राशि खाते में नहीं मिल रही है। इस पर कलेक्टर ने तत्काल समाज कल्याण विभाग को मामले की जांच कर समाधान करने के निर्देश दिए। निर्देश के बाद जब समाज कल्याण विभाग द्वारा मामले की जांच की गई, तो पाया गया कि पेंशन की राशि नियमित रूप से जिला सहकारी बैंक में जमा हो रही थी। लेकिन इसकी जानकारी हितग्राही को नहीं थी। जानकारी के अभाव के कारण वे राशि नहीं निकाल पा रहे थे। कलेक्टर के निर्देश पर समाज कल्याण अधिकारी श्रीमती ललिता लकड़ा ने तत्परता दिखाते हुए मेघनाथ बघेल को 10 माह की पेंशन राशि कुल 5,000 रुपये का भुगतान कराया। राशि मिलते ही मेघनाथ ने कलेक्टर और विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। आदिकर्मयोगी अभियान के तहत आयोजित शिविरों में प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान किए जाने से लोगों में सरकार और प्रशासन के प्रति भरोसा बढ़ा है। इन शिविरों ने ग्रामीणों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों तक पहुँचाने और उनका समाधान पाने का अवसर दिया है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया कुएंमारी जलप्रपात का निरीक्षण



**कोण्डागांव।** विकासखंड केशकाल अंतर्गत ग्राम पंचायत कुएंमारी के प्रसिद्ध जलप्रपात में हाल ही में हुए हादसे के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी ने स्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। बीते दिनों बटराली गांव के 13 वर्षीय बालक की डूबने से मृत्यु की सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रीमती रीता सोरी ने उपस्थित ग्राम समिति, वन विभाग के कर्मियों और कुएंमारी चौकी पुलिस दल से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जलप्रपात क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के निर्देश देते हुए कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि जलप्रपात क्षेत्र में चेतावनी बोर्ड, बाड़ लगाना, तथा गश्त व्यवस्था को तत्काल सु–ढ़ किया जाए। निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों ने भी जिला पंचायत अध्यक्ष को पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मांग पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ती पर्यटक संख्या को देखते हुए स्थायी सुरक्षा व्यवस्था की मांग की। इस मौके पर ग्राम सरपंच गणेश कुमेटी और उप सरपंच सहित कई स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सभी ने मिलकर जलप्रपात क्षेत्र को सुरक्षित और पर्यावरण–संवेदनशील पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान से जन-जन को जोड़ें : टिकेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता टिकेश्वर जैन ने भाजपा कार्यालय अटल सदन में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता के मार्ग पर ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल कर रहा है। उन्होंने बताया कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की शुरुआत 25 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती से की गई है। यह 25 दिसंबर, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जयंती तक चलेगा। इसका उद्देश्य हर घर तक हर घर स्वदेशी, घर–घर स्वदेशी का संदेश पहुँचाना है।

श्री जैन ने कहा कि वर्ष 2014–15 में भारत का रक्षा निर्यात केवल 1,941 करोड़ था, जो 2024–25 में बढ़कर 23,622 करोड़ हो गया है। देश में 100 से अधिक यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स की स्थापना आत्मनिर्भर भारत की सफलता का प्रतीक है।

**छत्तीसगढ़ को बनेगा आत्मनिर्भरता का अग्रणी राज्य** – प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य है कि अगले पाँच वर्षों में छत्तीसगढ़ की जीएसडीपी दोगुना कर 10 लाख करोड़ तक पहुँचाई जाए। इसके लिए बस्तर की लोककला, डोकरा कला, टेराकोटा, चांपा का कोसा और जशपुर की कॉफी जैसे स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और वैश्विक बाजारों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला समूहों द्वारा तैयार हर्बल और जैविक उत्पाद राष्ट्रीय बाजार तक पहुँचकर आत्मनिर्भरता की दिशा में नई पहचान बना रहे हैं।

**गर्व से कहो : यह स्वदेशी है** – श्री जैन ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल आर्थिक स्वावलंबन नहीं बल्कि देशभक्ति का जज्बा है। प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों से आह्वान किया है कि त्योहारों पर स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग कर देश की प्रगति में सहयोग करें। पत्रकारवार्ता में जिलाध्यक्ष सेवक राम नेताम, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, गोपाल दीक्षित, आकाश मेहता, नरपति पटेल, कुलवंत चहल, मनोज ध्रुव, संतोष पात्रे सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पहले से स्वीकृत कार्यों के दोबारा भूमिपूजन और निर्वाचित प्रतिनिधियों की उपेक्षा पर बिफरी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस सरकार के समय जिन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किया जा चुका था, उन्हीं कामों का पुनः भूमिपूजन विधायक लता उसेंडी द्वारा किया जा रहा है।



कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि यदि कार्य पहले से स्वीकृत और भूमिपूजित हैं, तो दोबारा भूमिपूजन की आवश्यकता क्यों पड़ी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन द्वारा कांग्रेस समर्थित निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम की जानकारी तक नहीं दी। यह निर्वाचित प्रतिनिधियों और जनता के जनादेश का अपमान है। ज्ञापन में कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि चुनाव जीतने के बाद प्रतिनिधि किसी दल विशेष का नहीं रह जाता बल्कि वह जनता को समर्पित होता है। ऐसे में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सूचना न देकर कार्यक्रमों से दूर रखना गंभीर प्रशासनिक लापरवाही है।

**कार्रवाई की मांग, घेराव की दी चेतावनी** – कांग्रेस ने मांग की है कि इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि इस विषय पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो पार्टी द्वारा कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

# श्रीअन्न की खेती को बढ़ावा देने के लिए दिया गया विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम
- एचडीएफसी बैंक परिवर्तन और अंबुजा फाउंडेशन की संयुक्त पहल

एचडीएफसी बैंक परिवर्तन और अंबुजा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से संचालित परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत आज समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत किसानों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य श्री अन्न मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देना और किसानों को टिकाऊ कृषि पद्धतियों से जोड़ना रहा।

कार्यक्रम में जिले के 15 ग्रामों से लगभग 300 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप सिंह ने किसानों को मिलेट्स जैसे कुटकी, कोदो, बाजरा और विभिन्न दालों की खेती के पारंपरिक व आधुनिक तरीकों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को खेत की तैयारी, बीज चयन और बोआई तकनीक, खाद एवं उर्वरक प्रबंधन, रोग एवं कीट प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक बताया गया। डॉ. सिंह ने बताया कि श्री अन्न न केवल पोषक तत्वों से भरपूर हैं बल्कि वर्तमान समय में बाजार में इनकी मांग तेजी से बढ़ रही है। यह फसलें कम लागत और कम पानी में भी आसानी से उगाई जा सकती हैं। खासतौर पर वर्षा आधारित क्षेत्रें के किसानों के लिए यह वरदान साबित हो सकती हैं।

***ग्रामीणों में बढ़ा उत्साह और जागरुकता*** *– कार्यक्रम में शामिल किसानों और स्वयंसेवकों ने इसे अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से खेती में नई तकनीक अपनाने और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। यह प्रशिक्षण न केवल किसानों के लिए तकनीकी मार्गदर्शन का स्त्रोत बना बल्कि इससे श्री अन्न की खेती के प्रति ग्रामीणों में जागरुकता और रुचि भी बढ़ी है।*

# बस्तर राइजिंग टीम का बस्तर के प्रवेश द्वार पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





- गढ़धनोरा, गोबरहीन और होनहेड़ जलप्रपात की प्राकृतिक व ऐतिहासिक सुंदरता का किया अवलोकन

छत्तीसगढ़ शासन, जनसम्पर्क विभाग एवं बस्तर संभाग के जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से संचालित विशेष अभियान बस्तर राइजिंग के तहत आज टीम का आगमन केशकाल विकासखंड के टाटामारी में हुआ। अभियान के प्रथम दिवस पर हिमाचल प्रदेश से आए नवाचारी दल के सदस्यों ने जिले के ऐतिहासिक व प्राकृतिक धरोहर स्थलों का भ्रमण किया।

टीम के सदस्यों ने सर्वप्रथम गढ़धनोरा और गोबरहीन स्थल का दौरा किया, जहां उन्होंने प्राचीन शिवलिंग का दर्शन कर उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बताया कि 6वीं शताब्दी के ऐतिहासिक महत्व वाले गढ़धनोरा की वास्तुकला और संस्कृति बस्तर की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है। इसके पश्चात टीम ने प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर होनहेड़ जलप्रपात हार्मोनी फेस्ट 2025 के अंतर्गत संचालित बस्तर राइजिंग अभियान का उद्देश्य बस्तर की सांस्कृतिक, पर्यावरणीय और उद्यमशीलता क्षमताओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करना है। इस पहल के माध्यम से जनसंपर्क विभाग द्वारा विशेषज्ञों, युवाओं, शिल्पकारों और स्थानीय समुदायों के बीच संवाद, कार्यशालाएँ और सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं।

**टीम के सदस्य** – सात सदस्यीय टीम में प्लेसेज ऑफ पॉसिबिलिटीज़ के संस्थापक प्रतुल जैन, तथा परीना सिंघल, पलक चौधरी, आयुषी कपूर, निष्ठा जोशी, सदफ अंजुम और फ्रानो डिसिल्वा शामिल रहे। टीम ने बस्तर की संस्कृति और परंपरा को देशभर में नई पहचान दिलाने के संकल्प के साथ अभियान की शुरुआत की।

## पेज 11 के शेष

### 18 साल पहले...

बघेल, शियारी लाल, तुला कश्यप रामदेव, नारायण शामु माहरा समाज पदाधिकारी पूर्व संभाग अध्यक्ष विनय सोना, संभाग उपाध्यक्ष प्रकाश नागेश, जिला उपाध्यक्ष आकाश कश्यप, अमल बैस मनोरथ चालकी मौजूद रहे।

### 8 करोड़ की...

में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियो से मिलीभगत और भाजपा नेताओं के साठगांठ के चलते लम्बा बंदरबांट किया गया है। उन्होंने कहा पूर्व में साढ़े तीन मीटर की सड़क पर भारी वाहनों का परिचालन होता था। परंतु इस सड़क में भारी वाहन नहीं चल पा रहा है। इसका जवाब भाजपा के मंत्री, सांसद और स्थानीय विधायक को सार्वजनिक रूप से देना चाहिए ।

**ये रहे उपस्थित-** पत्रवार्ता में वरिष्ठ कांग्रेसी सतपाल शर्मा, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, गौरनाथ नाग, रविशंकर तिवारी, संजय पाणिग्रही, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, कोमल सेना, जावेद खान, पार्षद सूयापानी, सुशीला बघेल, जस्टिन भवानी, लोकेश चौधरी, निकेतराज झा, अनुराग महतो, एस नीला, उस्मान रजा मौजूद रहे।

### मछली पालन में...

मछली बीज फिंगरलिंग, आहार, तालाब निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में पारदर्शिता का अभाव देखा जा रहा है। इन समस्याओं के कारण मत्स्य पालन करने वाले ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस संबंध में उन्होंने मांगें की है । जिसमें पात्र मत्स्य पालकों एवं समितियों को विभागीय योजनाओं का लाभ समय पर एवं पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराया जाए। मछली बीज एवं आहार की आपूर्ति में हो रही अनियमितताओं को दूर किया जाए। तालाब निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने निगरानी की व्यवस्था की जाए। विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने विशेष शिविर आयोजित किए जाएं। इस अवसर पर मत्स्य विभाग के उप संचालक मोहन राणा ने ज्ञापन प्राप्त कर मांगों पर शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

**जारी रहेगा समाधान का प्रयास-** युवा कांग्रेस ने कहा कि मत्स्य पालन से जुड़े प्रत्येक हितग्राही की आवाज बुलंद करते रहेंगे जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष धर्मा पाड़ी, मोहनिस नाग, विजय भारती एवं भुनेश्वर कश्यप उपस्थित रहे।

### कुदालगांव के खेत...

ठाकुर ने तत्काल इसकी सूचना डॉयल 112 व कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली टीआई भोलासिंह राजपूत व फारेंसिक टीम दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। टीम द्वारा मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर आसपास के क्षेत्र के सूक्ष्मता से जांच की। पास ही बेर के पेड़ में टगां एक फूलपेंट भी बरामद किया गया है। प्रारंभिक जांच में पता लगा है शव लगभग 5 दिन पुराना है तथा मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रवाना किया गया।

**नहीं हो पाई शिनाख्त-** शव मिलने की खबर के बाद घटनास्थल में दर्जनों ग्रामीण पहुंच चुके थे बावजूद शव को सीधा करने के बाद भी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। और ना ही कोतवाली थाना में हाल ही में किसी युवक के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। किसान नवलू ठाकुर का कहना है कि नवरात्रि में व्यस्तता के चलते वह लगभग सप्ताह भर बाद अपने खेत में पहुंचे थे। जिससे इस बात का पता नहीं लग सका कि शव को कितने दिन हो गए। टीआई भोलासिंह राजपूत ने बताया कि फारेंसिक टीम के साथ मौके पर मुआयना किया गया है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या प्रतीत हो रहा है लेकिन मौत की असली वजह पीएम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा बहरहाल मामले की जांच की जा रही है।

### पीएम अप्रेंटिसशिप...

उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीयन व औद्योगिक प्रतिष्ठान का एस्टेब्लिशमेंट रजिस्ट्रेशन भी किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### छग सर्व पिछड़ा वर्ग समाज स्थापना दिवस मनाएगा 17 को



**जगदलपुर।** छग सर्व पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर के अध्यक्ष गदाधर प्रसाद वैद्य एवं सचिव मानिक राम पंत ने प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी है कि मण्डी प्रांगण जगदलपुर में बैठक हुई। जिसमें 17 अक्टूबर को भानुप्रतापपुर में होने वाले स्थापना दिवस में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आगमन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने जोरों से तैयारी चल रही है। प्रत्येक विकासखण्ड से अधिक संख्या में भाग लेंगे। बैठक में प्रदेश महासचिव कारिया दीवान, सं.अध्यक्ष तरूण धाकड़ , जिला अध्यक्ष बस्तर, जिला सचिव, सह सचिव रोहित कुमार, शंकर सेन, मन्नुलाल सेन, रोहित बघेल, लखीराम यादव,लछीन यादव, वभव पांडे, गजेन्द्र सोनी,नरसिंह ठाकुर,जोगेश्वरी ठाकुर, दयाराम राम ठाकुर,सूरेन्द्र सोनी,पालन साहू, प्रदीप बघेल, नारायण ठाकुर उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधियों ने की मशीन की पूजा

# शहर की सफाई में नया आयाम, नई रोड स्वीपिंग मशीन का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

नगर पालिक निगम ने आज सुबह नई रोड स्वीपिंग मशीन का पूजन एवं शुभारंभ किया। शहर की सफाई व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से इस अत्याधुनिक मशीन का शुभारम्भ किया गया है । महापौर संजय पांडे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने पूजा-अर्चना कर मशीन को हरी झंडी दिखाकर शहरवासियों की समर्पित किया।

■ स्वच्छ और आधुनिक जगदलपुर की दिशा में एक कदम



महापौरने कहा कि पूर्व कार्यकाल में इसे खरीदने का प्रस्ताव एमआईसी ने किया था। जिसके तहत आज इसे पूजा पाठ कर रोड पर उतारा गया है। वैक्यूम स्वीपिंग मशीन एक आधुनिक मशीन है। इसके संचालन से शहर की मुख्य सड़कों की सफाई अब अधिक व्यवस्थित, आधुनिक एवं कुशलतापूर्वक की जा सकेगी। इससे नगर में धूल प्रदूषण में कमी आएगी तथा नागरिकों को स्वच्छ वातावरण प्राप्त होगा। महापौर ने कहा कि यह मशीन नगर निगम के स्वच्छता अभियान को नई दिशा प्रदान करेगी और नागरिकों की भागीदारी से हम स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ जगदलपुर बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

### सभी मुख्य सड़कों पर होगा उपयोग

आयुक्त ने कहा यह मशीन आधुनिक तकनीक से लैस है जो धूल और कचरे को कुशलता से साफ करने में सक्षम है। इससे मैनुअल सफाई कर्मियों का कार्यभार भी कम होगा और सफाई व्यवस्था अधिक प्रभावी रूप से संचालित हो सकेगी। नगर निगम का प्रयास है कि शहर की सभी मुख्य सड़कों पर इस प्रकार की मशीनों का उपयोग नियमित रूप से किया जाए।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर पार्षद निर्मल पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, योगेंद्र पांडेय, त्रिवेणी रंधारी, संजय विश्वकर्मा, कलावती कसेर , राणा घोष, श्रीधर ओझा, आशा साहु, राजपाल कसेर, जेपी यादव, रामनरेश पांडेय, रतन व्यास, अजय पाल सिंह जसवाल, रंजीता पाणिग्रही, विधु शेखर झा, डीके परासर, धर्मेंद्र महापात्र, हीरामन कुकड़े सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बस्तरवासियों को लुभा रहा वन विभाग का सेल्फी प्वाइंट



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

बस्तर दशहरा लोकोत्सव में आयोजित स्वदेशी मेला में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के विभागीय प्रदर्शनी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विभागीय प्रदर्शनी में प्रदर्शित झांकी मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी, वन मंडल अधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में उप वन मंडल अधिकारी देवलाल दुग्गा, सहायक वन संरक्षक गुलशन साहू, वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र सिंह वर्मा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी माचकोट सूर्य प्रकाश ध्रुव द्वारा कार्य कराया गया। विभागीय प्रदर्शनी में बस्तर वन मंडल एवं कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर द्वारा इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीरथगढ़ जलप्रपात, कुटुमसर गुफा, रिवर राफ्टिंग आदि कार्यों को प्रदर्शित किया गया था इसके साथ ही बस्तर मंडल द्वारा लाख पालन, संजीवनी स्टॉल तथा सेल्फी प्वाइंट के रूप में एक पेड़ मां के नाम पर आधारित फ्लेक्स का सेल्फी प्वाइंट तैयार किया गया था जो बस्तरवासियों को बहुत लुभा रहा था। विभागीय प्रदर्शनी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण देव, विनायक गोयल, महापौर संजय पांडे तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी इस प्रदर्शनी की सराहना की थी।

■ लोकोत्सव में रहा तीरथगढ़ जलप्रपात, कुटुमसर गुफा, रिवर राफ्टिंग

# देवी दंतेश्वरी दर्शन के बाद राजमहल पहुंचे डॉ. रमन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने आज सुबह दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर माता की पूजा अर्चना कर छतीसगढ़ वासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। उसके बाद वे राजमहल पहुंचकर राजमाता कृष्णा कुमारी देवी से मुलाकात कर चर्चा की। उन्होंने महाराजा की शादी कर नई दुल्हन लाने के लिए बधाई और शुभकामनाएं भी दी। महाराजा कमलचंद्र भंजदेव ने उन्हें तलवार भेंट की। मंदिर और राजमहल में शामिल लोगों में महापौर संजय पाण्डेय, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय, पार्षद योगेंद्र पाण्डेय, संग्राम सिंह राणा, नीटू भदौरिया, शक्ति सिंह चौहान, तेज प्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# एनएच 63 में बस-ट्रक में टक्कर दर्जन भर यात्री घायल



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

बीजापुर जिला स्थित नेशनल हाइवे 63 में बुधवार दोपहर हुए तेज रफ्तार ट्रक व बस के बीच हुए एक्सीडेंट में दर्जन भर से अधिक लोग घायल हो गए। जांगला व बरदेला के बीच यात्री बस व तेज रफ्तार ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। मामला जांगला थाना क्षेत्र का है जहां हुए एक्सीडेंट में बस में सवार महिलाओं के अलावा बच्चे भी घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक जय भवानी ट्रेव्हल्स की यात्री बस बीजापुर से जगदलपुर की ओर जा रही थी इस बस में कई महिलाएं अपने बच्चों को गोद में लेकर सफर कर रही थी। भैरमगढ़ ब्लाक के बरदेला मोड़ के पास आ रही ट्रक और बस में भिड़त हो गई। घायलों को भैरमगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और जिला हॉस्पिटल बीजापुर में भर्ती कराया गया है।

घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल यात्रियों को बस से बाहर निकाला उन्हें तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए निकटतम स्वास्थ्य केंद्र भेजा। प्रशासन की ओर से डॉक्टरों की टीम घटनास्थल पर रवाना की गई जिन्होंने मौके पर पहुंचकर घायलों को प्राथमिक उपचार किया। हादसे में चार महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं वहीं कुछ यात्रियों के सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। बताया जा रहा ह कि ट्रक चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने बस और ट्रक को जब्त कर लिया है और पूरे मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक जिस जगह यह हादसा हुआ वह ब्लैक स्पॉट माना जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह क्षेत्र दुर्घटनाओं के लिहाज से संवेदनशील माना जाता है। बरदेला मोड़ पर आए दिन तेज रफ्तार वाहनों के कारण हादसे होते हैं।










